O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1 (Round-3) (2025–2026)

Class IV / Section: -------- **MM: 20**

Subject: ---------- **Time: 1:00 Hr.**

Name: _____ Roll No.:_____ Invigilator sign ----------

सामान्य निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

प्रश्न 1 पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए | **(1x4 =4)**

15 अगस्त 1947 का दिन भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा हुआ है। इस दिन भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल हुई थी। स्वतंत्रता दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं है, बल्कि यह हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदान की भी याद दिलाने वाला दिन है और यह हमें देश की एकता और अखंडता की दिशा में प्रयास करके एकजुट रहने की प्रेरणा भी देता है। स्वतंत्रता हासिल करने की यात्रा में अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना संघर्ष किया। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और रानी लक्ष्मीबाई जैसे नेताओं ने भारत को आजादी दिलवाई| गांधी जी ने अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग को अपनाकर स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी। 15 अगस्त के दिन भारत के प्रत्येक विद्यालय में ध्वजारोहण किया जाता है और राष्ट्रगान गाया जाता है। विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है। इस दिन पूरा भारत स्वतंत्रता दिवस को एक राष्ट्रीय त्योहर के रूप में मनाया जाता है।

(क) कौन-सा दिन भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा हुआ है?

(अ) 14 अगस्त 1947 (ब) 15 अगस्त 1947

(स) 13 अगस्त 1947 (द) 16 अगस्त 1947

(ख) भारत को किससे स्वतंत्रता हासिल हुई थी?

(अ) रोम शासन (ब) मिश्र शासन

(स) ब्रिटिश शासन (द) भारतीय शासन

(ग) गांधी जी ने किसके मार्ग को अपनाकर स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी।?

(अ) हिंसा और असत्य (ब) बेईमानी और अत्याचार

(स) चोरी और मारपीट (द) अहिंसा और सत्याग्रह

(घ) 15 अगस्त के दिन भारत के प्रत्येक विद्यालय में क्या किया जाता है?

(अ) ध्वजारोहण (ब) मालारोहण

(स) पूजारोहण (द) हिंसारोहण

प्रश्न 2 सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए। **(1 x 4 = 4)**

(क) स्त्री जाति की पहचान करवाने वाले शब्द_____कहलाते है।

(अ) पुल्लिंग (ब) स्त्रीलिंग

(स) संज्ञा (द) वचन

(ख) मालिन का पुल्लिंग क्या होगा?

(अ) माली (ब) मालों

(स) मलिकाओ (द) मौली

(ग) शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या के बारे में पता चले उसे_____कहते हैं?

(अ) संज्ञा (ब) शब्द

(स) मात्रा (द) वचन

(घ) गुब्बारे का एक वचन क्या है?

(अ) गुब्बारों (ब) गुब्बारे

(स) गुब्बारा (स) गुब्बारी

प्रश्न 3 सही (✓) या गलत (x) का निशान लगाइए | **(1 x 2 = 2)**

(क) पापा ने कहा कि वह शंटिंग करने वाला बनेंगे | ( )

(ख) पापा बड़े होकर कुछ नहीं बनना चाहते थे | ( )

प्रश्न 4 सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2 x 5= 10)**

(क) शुरू-शुरू में पापा क्या बनना चाहते थे ?

.....

.....

(ख) पापा के माता-पिता को क्यों हैरानी हुई ?

.....

.....

(ग) रेलवे स्टेशन पर पापा ने किसको देखा ?

.....

.....

(घ) पापा ने फौजी अफसर को क्या जवाव दिया ?

.....

.....

(ड) 'पापा जब बच्चे थे' पाठ से आपको क्या सीख मिलती हैं?

.....

.....